## सार-समाचार

### फैकल्टी डेवलपमेंट वर्कशॉप 24 मार्च को

**अजमेर।** महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से 24 मार्च 2026 को एक दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट वर्कशॉप का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम प्रातः 10 बजे स्वराज सभागार, बृहस्पति भवन में आयोजित होगा। कार्यक्रम में राजस्थान सरकार के उपमुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वहीं उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव कुलदीप रांका मुख्य वक्ता के रूप में नीति के विभिन्न आयामों और उसके व्यावहारिक क्रियान्वयन पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। इस अवसर पर अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. नारायण लाल गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलगुरु प्रो. सुरेश कुमार अग्रवाल करेंगे। कार्यशाला का उद्देश्य विश्वविद्यालय एवं संबद्ध महाविद्यालयों के शिक्षकों को नई शिक्षा नीति के प्रावधानों-जैसे बहु विषयक शिक्षा, कौशल आधारित अधिगम, अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट, लचीली पाठ्यक्रम संरचना और आधुनिक मूल्यांकन प्रणाली-के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षित करना है कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें शिक्षण पद्धितयों, शोध आधारित दृष्टिकोण और छात्र-केंद्रित शिक्षा प्रणाली पर मार्गदर्शन दिया जाएगा। अंत में संवाद सत्र भी आयोजित होगा।

### एक सप्ताह में करोड़ों की वसूली

**अजमेर,** । वित्तीय वर्ष 2026-27 के निर्धारित राजस्व लक्ष्यों को हासिल करने के लिए परिवहन विभाग ने जिलेभर में सघन प्रवर्तन अभियान तेज कर दिया है। इस अभियान के तहत डिफॉल्टर, ओवरलोड तथा अवैध रूप से संचालित वाहनों के खिलाफ लगातार कड़ी कार्रवाई की जा रही है। विभाग ने चौबीसों घंटे उड़नदस्तों की तैनाती कर विभिन्न प्रमुख मार्गों पर निगरानी बढ़ा दी है, जिससे नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर तुरंत कार्रवाई संभव हो रही है। प्रादेशिक परिवहन अधिकारी सुमन भाटी ने बताया कि पिछले सात दिनों के दौरान अजमेर जिले में 500 से अधिक वाहनों को जब्त किया गया है। इन वाहनों से लगभग एक करोड़ रुपये की राशि जुर्माना एवं कर के रूप में वसूली गई है। इसके अलावा किशनगढ़ और केकड़ी क्षेत्रों में भी 300 से अधिक वाहनों को सीज कर करीब 50 लाख रुपये की वसूली की गई है। उन्होंने बताया कि भारी वाहनों के लिए कर जमा कराने की अंतिम तिथि 15 मार्च निर्धारित थी। इसके बाद कर जमा नहीं करने वाले वाहन मालिकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे मामलों में बकाया कर के साथ 3 प्रतिशत पेनल्टी, चालान शुल्क तथा अन्य मोटर वाहन अपराधों पर 10 हजार रुपये तक का अतिरिक्त जुर्माना लगाया जा रहा है। वरिष्ठ अधिकारी स्वयं फील्ड में उतरकर कार्रवाई का नेतृत्व कर रहे हैं, जिससे अभियान की प्रभावशीलता बढ़ी है। विभाग की सख्ती का असर वाहन मालिकों पर स्पष्ट दिखाई दे रहा है और कई वाहन स्वामी स्वेच्छा से बकाया कर जमा करा रहे हैं। विभाग ने सभी वाहन मालिकों से अपील की है कि वे समय पर कर जमा कर नियमों का पालन करें, ताकि कार्रवाई से बचा जा सके। आने वाले दिनों में यह अभियान और अधिक सख्त किया जाएगा।

### श्री प्राज्ञ नवयुवक मण्डल की कार्यकारिणी का मनोनयन

**ब्यावर** (निसं) आगामी सत्र 2026-2028 के लिये सभी कार्यकारिणी का मनोनयन स्थानीय प्राज्ञ भवन मे आयोजित संस्था की साधारण सभा मे किया गया। जिसमे आगामी सत्र के लिये संरक्षक रतनलाल भंसाली, अध्यक्ष गौतमचन्द हींगड, मंत्री त्रिलोक चन्द रांका कोशाध्यक्ष अमित संचेती को चुना गया। सभा की शुरूवात 5 नवकार मंत्र के जाप व पूज्य प्रवर्तक श्री पन्नालाल जी मा. सा. व वर्तमान संघनायक श्री प्रिर्यदर्शन मुनी मा.सा के जयकारे से प्रारम्भ की। इससे पूर्व संस्था के कोषाध्यक्ष नवीन नाहटा ने आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया तथा संस्था के मंत्री कमलेश सिंघवी ने सस्था के दो साल के कार्यकाल का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। सस्था के वर्तमान अध्यक्ष मनीष कुमार मेहता (सीए) ने सभी पदाधिकारीयो, कार्यकारणी सदस्यों व सस्था के सभी सदस्यों को उनके कार्यकाल मे सहयोग के लिये धन्यवाद प्रेषित किया गया है। इस अवसर पर श्री प्राज्ञ जैन चेरिटेबल ट्रस्ट, श्री प्राज्ञ जैन मित्र समिति के सरक्षक, अध्यक्ष, मंत्री व कार्यकारणी सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सस्ंथा के वरिश्ठ सदस्य महावीर लुणावत ने किया अंत मे सस्ंथा के मंत्री कमलेश सिघवी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### 'मेरा भारत, मेरी जिम्मेदारी' अभियान की शुरुआत

**अजमेर।** शहीद दिवस के अवसर पर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत 'मेरा भारत, मेरी जिम्मेदारी' अभियान की शुरुआत सरवाड़ ब्लॉक के सांपला गांव में स्वच्छता श्रमदान से की गई। इस दौरान युवाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। अभियान का उद्देश्य भगत सिंह, शिवराम राजगुरु और सुखदेव थापर जैसे महान स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को श्रद्धांजलि देना तथा युवाओं को राष्ट्रिनर्माण और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूक करना है। सरवाड़ ब्लॉक युवा संयोजक रामप्रसाद गुर्जर ने बताया कि नवगठित युवा मंडलों के माध्यम से अधिक से अधिक युवाओं को इस अभियान से जोड़ा गया है। जिला युवा अधिकारी जयेश मीना की अध्यक्षता में गोपाल सरोवर स्थित शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की गई, इसके बाद श्रमदान कार्यक्रम आयोजित हुआ। पंचायत कार्यालय सांपला में युवाओं के साथ संवाद कार्यक्रम भी हुआ, जिसमें स्वयंसेवकों ने तिरंगा और 'माय भारत' टी-शर्ट पहनकर उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देना, स्वयंसेवा की भावना को मजबूत करना और एकता व अनुशासन का संदेश फैलाना रहा।

### अभिनय कौशल दिखाया

**अजमेर,** । अपना थिएटर संस्थान द्वारा आयोजित सात दिवसीय नाट्यय कार्यशाला का समापन रविवार को एक आकर्षक प्रस्तुति के साथ हुआ। कार्यशाला में 19 प्रतिभागियों ने नाटक की बारीकियों, अभिव्यक्ति और रचनात्मकता को समझते हुए मंचन किया। कार्यशाला के दौरान थिएटर गेम्स, वॉइस मॉडुलेशन, फिजिकल थिएटर, ऑब्जेक्ट थिएटर और इम्प्रोवाइजेशन जैसी तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया। समापन प्रस्तुति में इन सभी तत्वों को एक कोलाज के रूप में दर्शकों के सामने प्रस्तुत किया गया, जिसे काफी सराहना मिली। प्रतिभागियों ने यह भी दर्शाया कि किस तरह बिना शब्दों के केवल हाव-भाव और शारीरिक अभिव्यक्ति के माध्यम से प्रभावशाली नाटक प्रस्तुत किया जा सकता है। कार्यशाला में 8 से 45 वर्ष तक के प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण राष्ट्रीय नाट्यय विद्यालय, अगरतला से प्रशिक्षित राजेंद्र सिंह द्वारा दिया गया। समापन समारोह में समाजसेवी सोमरत्न आर्य ने प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। संस्थान के प्रतिनिधि योबी जॉर्ज ने बताया कि मई माह में 20 दिवसीय नाट्यय कार्यशाला आयोजित की जाएगी, जिससे अधिक प्रतिभाओं को मंच मिल सके।

### प्रशिक्षण वर्ग संपन्न

**मांगलियावास।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के तहत भाजपा मंडल का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग संपन्न हुआ। कार्यक्रम में संगठन की कार्यप्रणाली, बूथ सशक्तिकरण और जनसंपर्क को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशिक्षण के विभिन्न सत्रों में पार्टी के इतिहास, विकास और संगठनात्मक ढांचे की जानकारी दी गई। कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने और जनसेवा के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया गया। दूसरे दिन जिला अध्यक्ष, जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों की उपस्थिति में समापन सत्र आयोजित हुआ। इसमें कार्यकर्ताओं के साथ संवाद कर संगठन की नीतियों और 'राष्ट्र प्रथम' के सिद्धांत पर जोर दिया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### भजन-कीर्तन से गूंजा शहर

**अजमेर।** पूज्य लाल साहब मंदिर सेवा ट्रस्ट, दिल्ली गेट द्वारा आयोजित तीन दिवसीय चेटीचंड मेला श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। मेले का समापन पल्लव और अरदास के साथ किया गया। मेले की शुरुआत ध्वजारोहण के साथ हुई, जिसमें संत-महात्माओं और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। चेटीचंड के अवसर पर झूलेलाल धाम में धार्मिक अनुष्ठान, यज्ञोपवीत और मुण्डन संस्कार आयोजित किए गए। भजन-कीर्तन और पंजड़े गाकर श्रद्धालुओं ने भक्ति रस में डूबकर उत्सव मनाया।

# स्कूलों में होमवर्क पर छिड़ी वैश्विक बहस, बच्चों के विकास को लेकर अलग-अलग मत

■ दुनिया के कई देशों में इन दिनों यह बहस तेज हो गई है कि स्कूलों में बच्चों को होमवर्क दिया जाना चाहिए या नहीं। अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड जैसे देशों में इस विषय पर शिक्षाविदों, मनोवैज्ञानिकों और समाज वैज्ञानिकों के बीच लगातार चर्चा जारी है, हालांकि अभी तक कोई ठोस निष्कर्ष सामने नहीं आया है।

**अजमेर।** दुनिया के कई देशों में इन दिनों यह बहस तेज हो गई है कि स्कूलों में बच्चों को होमवर्क दिया जाना चाहिए या नहीं। अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड जैसे देशों में इस विषय पर शिक्षाविदों, मनोवैज्ञानिकों और समाज वैज्ञानिकों के बीच लगातार चर्चा जारी है, हालांकि अभी तक कोई ठोस निष्कर्ष सामने नहीं आया है।

इस बहस का आधार विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा किए गए शोध और सर्वे हैं, जिनमें बच्चों और उनके अभिभावकों की राय भी शामिल की गई है। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि होमवर्क बच्चों के सर्वांगीण विकास में बाधा डालता है और उन्हें मानसिक दबाव में रखता है। उनका तर्क है कि होमवर्क के कारण बच्चे अपनी स्वाभाविक खेलकूद और रचनात्मक गतिविधियों से दूर हो जाते हैं, जो उनके मानसिक और भावनात्मक विकास के लिए आवश्यक हैं।

इसके अलावा, अभिभावकों द्वारा होमवर्क को लेकर बनाए जाने वाले दबाव से बच्चों और माता-पिता के बीच संबंधों में भी तनाव बढ़ने की बात कही गई है। कुछ विशेषज्ञ यह भी मानते हैं कि होमवर्क से सामाजिक और शैक्षिणक असमानता बढ़ती है, क्योंकि सभी बच्चों को घर पर समान शैक्षिणक सहयोग नहीं मिल पाता।

वहीं, होमवर्क के समर्थक विशेषज्ञों का कहना है कि इससे बच्चों में जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है और उनकी सीखने की प्रक्रिया मजबूत होती है। उनका मानना है कि होमवर्क से बच्चों की व्यक्तिगत क्षमता बढ़ती है और उनमें प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है।

समर्थकों का यह भी तर्क है कि सोशल मीडिया और डिजिटल विकर्षणों के इस दौर में होमवर्क बच्चों को पढ़ाई से जोड़े रखने का एक प्रभावी माध्यम है।

भारत में भी पूर्व में स्कूली बच्चों के बस्तों के बढ़ते बोझ को लेकर बहस हो चुकी है, लेकिन स्थिति में खास बदलाव नहीं आया है। फिलहाल यह मुद्दा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बना हुआ है, लेकिन इस पर अब तक कोई सर्वसम्मत निर्णय नहीं हो सका है कि होमवर्क बच्चों के भविष्य को किस हद तक प्रभावित करता है और किस आयु में इसे देना उचित है।

## प्रांतीय अधिवेशन की तैयारियां तेज

**अजमेर,** । राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ और मंत्रालयिक कर्मचारी परिषद के आगामी प्रांतीय अधिवेशनों को लेकर अजमेर संभाग की बैठक आयोजित की गई। बैठक महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष कर्ण सिंह जोधा और परिषद के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष महेंद्र कुमार तीर्थाणी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में भरतपुर से आए प्रांतीय अधिवेशन संयोजक हरवीर चौधरी ने भाग लिया और अधिवेशन की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की। पदाधिकारियों ने बताया कि मंत्रालयिक कर्मचारी परिषद का प्रांतीय अधिवेशन 12 अप्रैल 2026 को जयपुर के आदर्श विद्या मंदिर, राजापार्क में आयोजित होगा, जबकि कर्मचारी महासंघ का अधिवेशन 7 जून 2026 को भरतपुर विकास प्राधिकरण ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। बैठक में अजमेर महासंघ जिलाध्यक्ष वंश प्रदीप सिंह, परिषद जिलाध्यक्ष विमल किशोर गुरु और महामंत्री अनिल जैन सहित अन्य पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से अधिवेशन को सफल बनाने के लिए भागीदारी का आव्हान किया।

# महाराणा प्रताप मंडल का प्रशिक्षण वर्ग सम्पन्न

**ब्यावर ( निसं )** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान - 2026 के तहत भाजपा महाराणा मंडल का दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन राघव श्री गार्डन में किया गया। शिविर में मंडल के सभी पदाधिकारी, मोर्चा पदाधिकारी व बूथ अध्यक्ष एवं ज्येष्ठ व श्रेष्ठ कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहें। प्रशिक्षण शिविर के कार्यक्रम में कुल सात सत्र में अलग-अलग मुख्य वक्ताओं द्वारा सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया जा कर संगठन की कार्यशैली, सरकार की उपलब्धियां, सोशल मीडिया, भाजपा का इतिहास, वैचारिक अधिष्ठान, कार्य विस्तार एवं बूथ प्रबंधन पर संबोधित किया गया। प्रथम दिवस पर मुख्य वक्ता के रूप में प्रथम सत्र में भाजपा अजमेर देहात पूर्व जिलाध्यक्ष पूर्व विधायक देवीशंकर भूतड़ा का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। प्रथम दिवस सत्र के पश्चात सामूहिक टिफिन बैठक का आयोजन हुआ ।द्वितीय दिवस पर शेष रहे सभी सत्रों को अलग-अलग वक्ताओं द्वारा संबोधित किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता रायचन्द बागड़ी, नरेन्द्र सिह रावत, हंसराज चोधरी व गोपाल गुर्जर द्वारा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया गया।उक्त कार्यक्रम का सरल ऐप द्वारा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया गया जिसमें 120 कार्यकर्ताओं ने कार्यशाला में भाग लेकर अपना रजिस्ट्रेशन किया। कार्यक्रम का मंच संचालन सन्तोष जाठात द्वारा किया गया।कार्यक्रम की समाप्ति पर मंडल महामंत्री शिविर संयोजक सत्येंद्र यादव द्वारा सफल कार्यक्रम संपन्न होने पर सबका आभार व्यक्त किया गया तथा सभी कार्यकर्ताओं से सरल ऐप द्वारा अपना-अपना प्रशिक्षण प्रमाण पत्र डाउनलोड कर प्राप्त करने हेतु जानकारी दी गई।प्रशिक्षण शिविर कार्यशाला में मंडल अध्यक्ष रवि चौहान, पूर्व जिलामंत्री बृजकिशोर शर्मा, पूर्व मण्डल अध्यक्ष नरेश मितल, पूर्व महामंत्री रमेश बंसल, जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा राजेश्वरी यादव, मण्डल उपाध्यक्ष नवल किशोर मुरारका, महेंद्र सिंह गौड, तारा सोनी, सन्तोष दगदी, मंत्री ललित आसरवा, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष दीपक चौहान आदि।

## साधना पर रहेगा विशेष जोर

**अजमेर,** 23 मार्च। पुष्कर रोड स्थित विजय कलापूर्ण सूरी जैन आराधना भवन में 25 मार्च से 9 दिवसीय नवपद आयम्बिल ओली का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन साध्वी मनोहर श्रीजी की निश्रा में संतोष चंद सुराणा परिवार द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

संघ प्रवक्ता रिखब सुराणा ने बताया कि इस धार्मिक आयोजन का मुख्य उद्देश्य इंद्रियों पर नियंत्रण स्थापित करना, विशेष रूप से रसना (जीभ) पर संयम रखना है। आयम्बिल ओली के दौरान साधक दिन में केवल एक बार अत्यंत सादा भोजन ठाहण करते हैं, जिसमें नमक, घी, तेल, मसाले, दूध और दही का पूर्ण त्याग किया जाता है।

इस दौरान उबले हुए सादे अनाज जैसे गेहूं, चावल और दाल का सेवन किया जाता है।

## ईसर गणगौर विराजित

**ब्यावर** (निसं) श्री माधोपुरिया मौहल्ला गणगौर समिति के तत्वावधान में ईसर गणगौर की स्थापना धूमधाम से की गई। समिति के महेन्द्र सलेमबादी ने बताया कि पंडित हनुमान प्रसाद त्रिपाठी के सानिध्य में समिति सदस्यों ने पूजा अर्चना कर विधिवत शिव पार्वती स्वरूप ईसर गणगौर को विराजमान करवाया। माँ गौरजा स्वरूप में लाल पोषाक में सजी गणगौर मैया के सिर पर रखड़ी, बोर, नाक में नथनी एवं गले मे शोभित रानी हार, हिरापट्टिया, श्रीकर्ण में कुंडल, गले मे भारी गुलाब एवं श्वेत पुष्प माला में सजी और इशरदासजी श्वेत बागे में सिर पर केसरिया पाग के ऊपर सरपैच, तुर्रा, किलंगी धारण किये रुबरदार रुप सजकर विराजमान हुये। इस दौरान उत्सव से जुड़ी महिलाओं ने विभिन्न प्रकार के खेल खेले एवं परम्परागत गणगौर गीत गाये। कार्यक्रम में श्याम सुंदर जिंदल, जसवंत राज बाबेल, महेंद्र गर्ग, तिलक बाबेल, गोविंद गोयल मौजूद रहे।

# नागौर के होनहार मुकुंद व्यास को राज्यपाल ने किया स्वर्ण पदक से सम्मानित

■ श्री महर्षि जनार्दन गिरि पुष्टिकर माध्यमिक विद्यालय, नागौर के पूर्व छात्र मुकुंद व्यास ने अपनी उत्कृष्ट शैक्षिणक उपलब्धि से जिले व समाज का नाम रोशन किया है।

**नागौर।** श्री महर्षि जनार्दन गिरि पुष्टिकर माध्यमिक विद्यालय, नागौर के पूर्व छात्र मुकुंद व्यास ने अपनी उत्कृष्ट शैक्षिणक उपलब्धि से जिले व समाज का नाम रोशन किया है। सत्र 2024-25 में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में 9.49 सीजीपीए के साथ उत्तीर्ण होने पर मुकुंद को 19 मार्च को जोधपुर में आयोजित दीक्षांत समारोह में राजस्थान के राज्यपाल श्री हरिभाऊ किसनराव बागड़े द्वारा स्वर्ण पदक एवं उपाधि प्रदान की गई। मुकुंद की इस उल्लेखनीय सफलता पर विद्यालय परिवार सहित संपूर्ण पुष्टिकर समाज, नागौर में हर्ष की लहर है। विद्यालय में मुकुंद के सम्मान में एक भव्य अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें उन्हें साफा, माला एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष विजय शंकर व्यास, पुष्टिकर समाज के अध्यक्ष गोविंद लाल मूथा एवं राजा साहब पुखराज व्यास ने मुकुंद की उपलब्धि को युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम का संचालन व्यवस्थापक आनंद पुरोहित द्वारा किया गया। कार्यक्रम में ओम प्रकाश मुथा, गोविंद लाल मूथा, विजय शंकर व्यास तथा प्रधानाध्यापक महेंद्र सिंह चारण सहित अन्य वक्ताओं ने मुकुंद के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विद्यार्थियों को उनसे प्रेरणा लेने का संदेश दिया। ज्ञात रहे कि मुकुंद व्यास प्रारंभ से ही मेधावी छात्र रहे हैं। उन्होंने वर्ष 2017 में दसवीं कक्षा 93.67 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की थी। उनकी इस सफलता से विद्यालय का गौरव और अधिक बढ़ा है। कार्यक्रम में घनश्याम लाल आचार्य, सचिव सुनील हर्ष, गंगा प्रसाद व्यास, रविन्द्र कुमार बोड़ा, अशोक कुमार कल्ला, राजेश बोड़ा, ठाकुर दत्त व्यास, सरोज पुरोहित, दिनेश मेहरा, सरिता पुरोहित सहित विद्यालय स्टाफ, अभिभावक एवं समाजजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अंत में मुकुंद व्यास ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उनके लिए प्रेरणा का स्त्रोत है और वे भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का प्रयास करेंगे।

# समाज सिंधी बोली को दिनचर्या में अपनाने का संकल्प ले-दादा नारायण दास

**अजमेर।** झूलेलाल जयन्ती चेटीचंड महोत्सव पखवाड़ा 2026 के अन्तर्गत 10वें दिन आदर्श सिंधी पंचायत, आदर्श नगर द्वारा प्रेम प्रकाश आश्रम में शानदार सिंधी सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। संयोजक जगदीश अबीचंदानी ने बताया कि आदर्श सिंधी पंचायत के संरक्षक दादा नारायण दास, अध्यक्ष गुरबख्श मीरानी, और पंचायत के सभी गणमान्य सदस्यों द्वारा पूज्य झूलेलाल साहब के बहराना साहिब की महाजोत प्रज्जवलित करके कार्यक्रम की शुरुआत की गई। संरक्षक दादा नारायण दास ने बताया कि सिन्ध की संस्कृति और खान-पान, और बोली को हमेशा अपने दिनचर्या में अपनाकर आगे बढ़ाने का संकल्प लें। महासचिव लाल नाथानी ने बताया कि पंचायत के बच्चों द्वारा विभिन्न तरह के डांस जिसमें यशिका तोलानी, मुस्कान, कृषि, अनन्या, वंदना तोलानी और तनु टीलवानी ठाुप, बनवी हरवानी, जितेश आतवानी, देवेश, साक्षी रामलखानी, दुर्गेश गांधी, रुपेश, लक्ष्य, दृष्टि हिंगोरानी, बहुरानी ठाुप, वंदना ठाुप, प्राची ठाुप, सुमन ठाुप, सानिया और प्राची और अंत में ऑपरेशन सिंदूर की मनोज भम्भानी द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई। सचिव महेश ईसरानी ने बताया कि पूजय झूलेलाल जयंती चेटीचंड पखवाड़ा महोत्सव समिति द्वारा अध्यक्ष कंवल प्रकाश किशनानी, महामंत्री महेंद्र तीर्थानी और अन्य पदाधिकारी द्वारा आदर्श सिंधी पंचायत में उत्कृष्ट सेवा के लिए दादा जमटमल टीलवानी पुरस्कार गोपाल साधवानी, सुशीला मोटवानी सम्मान एकता गांधी ।

# भाजपा मंडलों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न, कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह और नई ऊर्जा

■ शिविर के विभिन्न सत्रों में अलग-अलग विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रथम सत्र में मंडल अध्यक्ष भगवान सिंह रावत की अध्यक्षता में हुआ

**मसूदा।** मसूदा, खरवा और रामगढ़ भाजपा मंडलों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर उत्साहपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। 21 और 22 मार्च को रांका रिसोर्ट (मसूदा) एवं सालासर गार्डन (खरवा) में आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। शिविर के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक मजबूती, वैचारिक स्पष्टता और कार्य पद्धित का व्यापक प्रशिक्षण दिया गया।

शिविर के विभिन्न सत्रों में अलग-अलग विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रथम सत्र में मंडल अध्यक्ष भगवान सिंह रावत की अध्यक्षता में विधानसभा प्रभारी गणपत सिंह रावत ने कार्य पद्धित पर मार्गदर्शन दिया। द्वितीय सत्र में पूर्व मंडल अध्यक्ष जगदीश सिंह रावत की अध्यक्षता में कैलाश लांबा ने बूथ प्रबंधन के गुर सिखाए। तृतीय सत्र में मंडल महामंत्री सरवन सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में पूर्व प्रधान प्रहलाद शर्मा ने कार्य विस्तार पर विस्तार से चर्चा की।

चतुर्थ सत्र में पूर्व मंडल अध्यक्ष हरदेव सिंह रावत की अध्यक्षता में विधायक ने केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों और विकास कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं में ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ।

इसके बाद किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष भंवरलाल बुला की अध्यक्षता में भाजपा अजमेर देहात जिलाध्यक्ष जीतमल प्रजापत ने संगठन के इतिहास और विकास यात्रा पर प्रकाश डाला। एक अन्य सत्र में पूर्व सरपंच प्रेम सिंह रावत की अध्यक्षता में राम अवतार लाटा ने वैचारिक अधिष्ठान विषय पर संबोधित किया।

शिविर के दौरान वक्ताओं ने केंद्र सरकार की विभिन्न उपलब्धियों जैसे राम मंदिर निर्माण, धारा 370 हटाने, तीन तलाक कानून, किसानों के लिए योजनाएं, सड़क एवं एयरपोर्ट विकास, बुलेट ट्रेन परियोजना, कोरोना काल में वैक्सीन निर्माण और मुफ्त राशन वितरण जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी।

दो दिवसीय शिविर के समापन पर राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। मंडल अध्यक्ष भगवान सिंह रावत ने समापन की घोषणा की। इस अवसर पर कई जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक छोटी सी पहल, गौरैया के लिए बड़ी उम्मीद

**अजमेर।** अजमेर से एक दिल छू लेने वाली पहल सामने आई है, जहां कार्तिक शर्मा रोजाना नन्हीं गौरैया के लिए दाना-पानी रखकर एक मिसाल कायम कर रहे हैं। आज जब तेजी से बढ़ते शहरीकरण, मोबाइल टावरों के रेडिएशन और घटते पेड़-पौधों के कारण गौरैया की संख्या लगातार कम हो रही है, ऐसे समय में कार्तिक शर्मा जैसे लोग उम्मीद की किरण बनकर सामने आ रहे हैं। जहाँ लोग अपनी व्यस्त जिंदगी में प्रकृति से दूर होते जा रहे हैं, वहीं कार्तिक ने अपनी छत और बालकनी को गौरैया का सुरक्षित ठिकाना बना दिया है। हर सुबह और शाम वे नियमित रूप से दाना और साफ पानी रखते हैं। उनकी इस छोटी सी कोशिश ने आसपास की गौरैया को फिर से लौटने पर मजबूर कर दिया है। अब उनके घर के आसपास चहचहाहट गूंजने लगी है, जो कभी लगभग गायब हो चुकी थी। कार्तिक का कहना है कि अगर हर व्यक्ति अपने घर के बाहर थोड़ा सा दाना-पानी रख दे, तो हम सब मिलकर गौरैया को फिर से अपने आसपास देख सकते हैं।

## सार-समाचार

### अजमेर में सुरक्षा जवानों के 370 पदों पर भर्ती

**अजमेर।** जिले में बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर सामने आया है। सुरक्षा एजेंसी द्वारा 370 सुरक्षा जवानों सहित कुल 400 पदों पर भर्ती के लिए 23 मार्च से विभिन्न पंचायत समितियों में भर्ती शिविर आयोजित किए जाएंगे। एसआईएस सिक्योरिटी उदयपुर के कमांडेंट हेड राकेश चौधरी और सहायक भर्ती अधिकारी दर्शन सिंह ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया के तहत 370 सुरक्षा जवान, 20 सुरक्षा सुपरवाइजर और 10 सुरक्षा अधिकारियों के पद भरे जाएंगे। भर्ती शिविरों का आयोजन अलग-अलग तिथियों पर किया जाएगा। 23 मार्च को केकड़ी, 24 मार्च को किशनगढ़, 25 मार्च को नसीराबाद, 26 मार्च को भिनाय, 27 मार्च को सरवाड़, 30 मार्च को पीसांगन पंचायत समिति मुख्यालय और 31 मार्च को अजमेर में शिविर आयोजित होंगे। सभी शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। सुरक्षा जवान के लिए न्यूनतम शैक्षिणक योग्यता 10वीं पास, सुरक्षा सुपरवाइजर के लिए 12वीं पास और सुरक्षा अधिकारी के लिए स्नातक होना आवश्यक है। इच्छुक अभ्यर्थियों को अपने सभी शैक्षिणक प्रमाण पत्र, पहचान पत्र और पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाना अनिवार्य होगा। भर्ती शिविरों के माध्यम से चयनित युवाओं को सुरक्षा सेवाओं में रोजगार का अवसर मिलेगा, जिससे क्षेत्र के युवाओं में उत्साह देखा जा रहा है।

### भारतीय ज्ञान परंपरा के साथ हुआ नववर्ष का स्वागत- वर्ष प्रतिपदा उत्सव संपन्न

**अजमेर।** भारतीय शिक्षण मंडल, चित्तौड़ प्रांत, राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय इकाई द्वारा भारतीय ज्ञान संपदा गतिविधि के अंतर्गत विक्रम संवत 2083 के शुभारंभ के अवसर पर वर्ष प्रतिपदा उत्सव का आयोजन राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में किया गया। यह कार्यक्रम भारतीय नववर्ष के सांस्कृतिक, आध्यात्मिक एवं राष्ट्रीय महत्व को रेखांकित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया जो विश्वविद्यालय के माननीय कुलगुरु प्रो. आनन्द भालेराव के कुशल मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सिद्धार्थ शर्मा द्वारा प्रस्तुत संगठन मंत्र से हुआ। तत्पश्चात सत्यम राय ने ध्येय श्लोक तथा गौतम मिश्र ने ध्येय वाक्य का उच्चारण किया, जिससे वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो गया। इसके उपरांत दीप प्रज्ज्वलन एवं भारत माता को पुष्पांजलि अर्पित की गई। प्रो. राघवेन्द्र भट्ट ने स्वागत भाषण देते हुए वर्ष प्रतिपदा के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला तथा सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु कुलपति महोदय एवं भारतीय शिक्षण मंडल इकाई के प्रति आभार भी व्यक्त किया। डॉ. धनेश्वर प्रुस्टी (मंत्री, सीयूराज इकाई) ने भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण एवं संवर्धन की आवश्यकता पर बल दिया जबकि डॉ. ज्ञानरंजन पांडा (अध्यक्ष, सीयूराज इकाई) ने भारत की अवधारणा पर अपने विचार रखते हुए युवाओं से भारत को उसकी मूल पहचान के साथ स्वीकार करने का आ ान किया। उन्होंने वर्ष प्रतिपदा के महत्व को रेखांकित करते हुए इसे गर्व के साथ मनाने की आवश्यकता बताई। मुख्य वक्ता डॉ. राजीव एम. एम. (प्रचार प्रमुख, चित्तौड़ प्रांत) ने भारतीय कालगणना की वैज्ञानिकता एवं उसके सांस्कृतिक महत्व पर विस्तृत विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने बताया कि वर्ष प्रतिपदा भारत के विभिन्न क्षेत्रों में भिन्न-भिन्न रूपों में मनाई जाती है तथा इसके ऐतिहासिक संदर्भों, विशेषतः विक्रमादित्य से संबंधित परंपराओं, को समझना आवश्यक है। उन्होंने युवाओं से इस परंपरा को आगे बढ़ाने का आठाह किया, ताकि वे अपनी सांस्कृतिक विरासत पर गर्व कर सकें। अंत में डॉ. शैलेश पाटीदार (उपाध्यक्ष, सीयूराज इकाई) ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए प्राचीन भारतीय विज्ञान की उन्नत परंपरा पर प्रकाश डाला और सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन देवांश कौशिक द्वारा प्रस्तुत कल्याण मंत्र के साथ हुआ। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों-प्रो. राजेश कुमार (शैक्षिणक गतिविधि प्रमुख, सीयू राज इकाई), डॉ. जयप्रकाश त्रिपाठी (प्रांत मंत्री), डॉ. भगवान, डॉ. अक्षांश भारद्वाज (प्रकाशन प्रमुख, चित्तौड़ प्रांत), डॉ. सोमनाथ (प्रचार प्रमुख, सीयू राज इकाई), प्रो. के. वी. अघाड़ी, केशव शर्मा तथा विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों ने कार्यक्रम को अत्यंत प्रेरणादायक बताया और इसे भारतीय संस्कृति एवं ज्ञान परंपरा के पुनर्स्मरण का सशक्त माध्यम माना। यह आयोजन न केवल भारतीय नववर्ष के स्वागत का अवसर बना बल्कि विद्यार्थियों में सांस्कृतिक चेतना, वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रेरणा जागृत करने का एक सार्थक प्रयास भी सिद्ध हुआ।

### देर रात तक कलेक्टर की चौपाल, ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर समाधान

**नसीराबाद।** उपखंड क्षेत्र के ठााम झड़वासा में शनिवार देर रात जिला कलेक्टर लोक बंधु ने रात्रि चौपाल लगाकर ठाामीणों से सीधा संवाद किया। भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र में आयोजित इस चौपाल का उद्देश्य विकसित भारत और विकसित राजस्थान की परिकल्पना को धरातल पर उतारना रहा। ठााम विकास अधिकारी पुखराज जाट और लक्ष्मण प्रजापत ने बताया कि मुख्यमंत्री विकसित ठााम अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में कलेक्टर और उपखंड अधिकारी देवीलाल यादव ने ठाामीणों को योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गांवों और शहरों का संतुलित विकास ही प्रदेश और देश की प्रगति की मजबूत नींव है। चौपाल के दौरान कलेक्टर ने किसानों, युवाओं, महिलाओं और स्वयं सहायता समूहों से संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने। उन्होंने स्पष्ट किया कि ठााम सभा के माध्यम से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर ही विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। इस दौरान ठाामीणों ने पेयजल संकट, स्कूलों में खेल मैदान की कमी, सडक़ और आवागमन की समस्या, अघोषित बिजली कटौती, कृषि, राजस्व और अतिक्रमण जैसे मुद्दे उठाए। अधिकारियों ने कई समस्याओं पर मौके पर ही कार्रवाई करते हुए समाधान की प्रक्रिया शुरू की। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ठाामीण मौजूद रहे।

### विश्व जल दिवस मनाया, जल संरक्षण का दिया संदेश

**रामगंजमंडी,( निसं )।** ग्राम पंचायत देवलीखुर्द में रविवार को जल महोत्सव के अंतर्गत विश्व जल दिवस का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में सरपंच घनश्याम ओरा, सहायक अभियंता बलभद्र शर्मा, कनिष्ठ अभियंता व ओम प्रकाश मीना सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान जल संरक्षण के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान समय में जल संकट एक गंभीर समस्या बनता जा रहा है, ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वह जल का सदुपयोग करे और इसे व्यर्थ बहने से रोके। ग्रामीणों को वर्षा जल संचयन, पानी की बचत, तथा दैनिक जीवन में जल के समुचित उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर सरपंच घनश्याम ओरा ने ग्रामीणों से अपील की कि वे जल संरक्षण को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और आने वाली पीढ़ियों के लिए पानी बचाने में सहयोग करें। सहायक अभियंता बलभद्र शर्मा ने जल जीवन मिशन के तहत चल रही योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि सरकार द्वारा हर घर तक स्वच्छ जल पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिनमें जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक हैं। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई तथा जल बचाने का संकल्प लिया गया। ग्रामीणों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का भरोसा दिलाया।

## प्रेरणा का केंद्र

**अजमेर।** हेमू कालाणी की 103वीं जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में दाहरसेन स्मारक को देशभक्ति और राष्ट्रीय प्रेरणा का केंद्र बताया गया। भारतीय सिंधु सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार तीर्थाणी ने कहा कि यह स्मारक हिंगलाज माता के तीर्थ, महापुरुषों की प्रेरणादायी मूर्तियों और सिंधु सभ्यता के गौरवशाली इतिहास का संगम है। कार्यक्रम के दौरान नवरात्रि के उपलक्ष में हिंगलाज माता की पूजा की।


**खुली निविदा सूचना**

नवोदित द्वारा BPCL CSR प्रोजेक्ट के तहत राजस्थान के अजमेर जिले में चुनिंदा स्थानों पर 117 नग +10 नग अतिरिक्त BIS-प्रमाणित 100 LPH RO (150 लीटर इनबिल्ट वॉटर कूलर के साथ) की आपूर्ति के लिए खुली निविदा आमंत्रित करता है। अंतिम तिथि-25 मार्च 2026, संपर्क पता-नवोदित ग्राम उत्थान महिला एवं बाल विकास समिति, दशमेश कॉलोनी, सूरजगंज, इटारसी, नर्मदापुरम 461111 मप्र, पूछताछ के लिए ई-मेल:navodit.betul2010@gmail.com